# भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 26.02.2024 को आहूत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक का कार्यवृत्त

## -:- उपस्थिति -:-

1. जिलाधिकारी, उन्नाव।
2. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, उन्नाव।
4. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
5. मुख्य चिकित्साधिकारी, उन्नाव।
6. जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, उन्नाव।
7. अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, लखनऊ।
8. जिला कृषि अधिकारी, उन्नाव।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, उन्नाव।
10. प्रबन्धक तकनीकी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, कानपुर।
11. सहायक अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
12. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
13. सहायक अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
14. सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
15. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
16. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
17. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।
18. जनपद हेतु नामित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) (1) हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुंआ, लखनऊ (2) हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर (3) प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194–ए, शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर (4) नवचेतना विकास समिति, बी–76, नेहरू विहार, कल्यानपुर, विकास नगर, लखनऊ (5) जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, 277, विकास नगर, जेल रोड, पी.ओ. कादीपुर, प्रतापगढ़ के प्रतिनिधि।
19. मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ।
20. मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 एवं मेसर्स एन.ए. मीडिया वेन्चर्स प्रा0लि0 (जे0वी0), साणद, अहमदाबाद।
21. सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, 58, सृजन बिहार कालोनी, भागीदारी भवन के पीछे, गोमतीनगर, लखनऊ
22. मेसर्स जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजूकेशनल ट्रस्ट, लोहिया नगर, जनपद महाराजगंज।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके कार्य क्लस्टर– ए एवं बी में कराये जाने हैं। जिस हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निविदा प्रकिया पूर्ण कर कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सेक्टर–सी–2, प्लाट नं0– 177, सुशान्त गोल्फ सिटी, अन्सल ए.पी.आई., निकट लुलु मॉल, लखनऊ को नामित किया गया है। उक्त योजना से सम्बन्धित निम्नलिखित बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक दिनांक 26.02.2024 को कलेक्ट्रेट, उन्नाव स्थित पन्नालाल हाल में सम्पन्न हुई:–

1. जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd., S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad-500037, Andhra Pradesh द्वारा विरचित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के क्लस्टर–'बी' के विस्तृत प्राक्कलन का जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से संस्तुति प्राप्त करने के सम्बन्ध में।
2. जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में क्रियान्वित कराये जाने वाले आई.ई.सी. गतिविधियों को आवंटित करने हेतु 04 फर्म मेसर्स जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजूकेशनल ट्रस्ट, लोहिया नगर, जनपद महाराजगंज, मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ, सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, 58, सृजन बिहार कालोनी, भागीदारी भवन के पीछे, गोमतीनगर, लखनऊ एवं मेसर्स अम्बर प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के प्राप्त प्रस्ताव पर निर्णय लिये जाने के सम्बन्ध में।
3. जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यो पर प्रगति की समीक्षा।
4. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गुणता प्रभावित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना हेतु गंगा बैराज (लवकुश बैराज) परियोजना में बांये गाईड बन्ध के पास डब्ल्यू0टी0पी0 निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में समीक्षा।
5. इनटेकवेल से डब्ल्यू.टी.पी. तक रॉ–वाटर राइजिंग मेन बिछाने हेतु सिंचाई विभाग, उन्नाव/कानपुर नगर एवं अन्य से NOC प्राप्त करने के सम्बन्ध में समीक्षा।



Scanned with OKEN Scanner

6. जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 15.02.2024 को आहूत बैठक की अनुपालन आख्या।
7. जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता एवं उपयुक्तता (Suitability) की अद्यतन स्थिति।
8. जनपद में नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के कार्यों की समीक्षा तथा हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति,82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ एवं बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी–957, आ0वि0 कालोनी, उन्नाव द्वारा सम्पादित कार्यों का प्रस्तुतीकरण।
9. जनपद में I.E.C. गतिविधियों की समीक्षा।
10. जनपद में F.T.K. किट वितरण की समीक्षा।

➢ **जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd., S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad-500037, Andhra Pradesh द्वारा विरचित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के क्लस्टर–'बी' के विस्तृत प्राक्कलन का जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से संस्तुति प्राप्त करने के सम्बन्ध में:–**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्र सं0– 4997/E-46/JJM-VC(MOM)/2023-24 दिनांक 20.02.2024 के माध्यम से जारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशों के कम में अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन 'हर घर नल से जल' योजना के अधीन जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण सतही स्रोत पेयजल योजना क्लस्टर–'बी' में कुल 760 राजस्व ग्रामों को पेयजल से वर्ष 2053 तक अच्छादित किये जाने का प्राविधान किया गया है। उक्त योजना की स्वीकृति प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में एस.एल.एस.सी. की 37वीं बैठक में दिनांक 21.03.2023 को प्रदान की जा चुकी है। तदोपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा ई–निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुये दिनांक 12.07.2023 को M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd., S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad-500037, Andhra Pradesh को कार्यदायी एजेन्सी के रूप में नामित करते हुये अनुबन्ध सं0– 14/ED/Phase-4 /2023-24 दिनांक 27.07.2023 का गठन करते हुये कार्य प्रारम्भ की तिथि 27.07.2023 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 26.01.2025 प्रदान की गयी है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि अनुबन्ध में निहित शर्तों के अनुसार कार्यदायी फर्म को कार्य आवंटन के उपरान्त पुनः विस्तृत सर्वेक्षण एवं डिजाइन करते हुये योजना का प्राक्कलन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ में प्रस्तुत करना होगा, उक्त के अनुपालन में कार्यदायी फर्म M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd. द्वारा अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप सं0– 3958/W-26/2023-24 दिनांक 15.12.2023 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुये अपने पत्र सं0– MEIL/UNNAO CLUSTER-B/2023-24/241 दिनांक 17.02.2024 के माध्यम से उन्नाव सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना क्लस्टर–बी का प्राक्कलन विरचित कर प्रस्तुत किया गया जिसकी Vetting, IIT Hyderabad के माध्यम से करायी जा चुकी है। यह भी अवगत कराया गया कि उक्त योजना में इनटेकवेल का निर्माण उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–ए) में प्रस्तावित किया गया है। उक्त इनटेकवेल की क्षमता 357 एम.एल.डी. (क्लस्टर ए– 202 एम.एल.डी. + क्लस्टर बी–155 एम.एल.डी.) है। इनटेकवेल का निर्माण जनपद कानपुर नगर में स्थित लवकुश बैराज (गंगा बैराज) पर किया जाना प्रस्तावित है। उक्त इनटेकवेल पर नगर विकास विभाग द्वारा 100 क्यूसेक (245 एम.एल.डी.) कच्चा जल की एन.ओ.सी. नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 के पत्र सं0– 3220/छिहत्तर–1–2023 दिनांक 29.08.2023 द्वारा प्रदान की गयी है, जिससे कि उक्त योजना से वर्ष 2037 तक जनपद उन्नाव की ग्रामीण जनसंख्या को पोषित किया जा सकता है। उक्त योजना की डिजाइन काल 2053 तक जनपद उन्नाव की ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शुद्ध पेयजल से पोषित किये जाने हेतु भविष्य में अवशेष 55 एम.एल.डी. कच्चे जल की एन.ओ.सी. की नगर विकास विभाग/ सिंचाई विभाग से आवश्यकता है। प्राक्कलन के प्रस्तावित कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:–

**योजना का नाम– उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–बी)**

1. अनुमानित लागत–रू0 232922.53 लाख [कुल कार्यलागत– 182118.78 लाख (मूल कार्यलागत– 138493.37 लाख + जी.एस.टी.– 24928.81 लाख + सेन्टेज– 17311.67 लाख + लेबर सेस– 1384.93 लाख) + अन्य विभागों को देय धनराशि– 2459.26 लाख (एन.ओ.सी. प्राप्त करने हेतु देय धनराशि–1500.70 लाख + विद्युत संयोजन– 958.56 लाख) + 10 वर्ष के अनुरक्षण एवं संचालन की लागत– 48344.49 लाख (विद्युत/डीजल व्यय की धनराशि को छोड़कर– 17250.49 लाख + विद्युत/डीजल व्यय की धनराशि– 31094.00 लाख)]
2. वित्त पोषण:– जल जीवन मिशन (फेज–4)



Scanned with OKEN Scanner

3. प्रस्तावित मुख्य कार्यों का विवरण निम्नवत् है:–

1. 130 एम.एल.डी. डब्ल्यू.टी.पी. (वि0/यां0 कार्यों सहित)– 01 नग
2. सी.डब्ल्यू.आर. (वि0/यां0 कार्यों सहित) – 27 नग
3. शिरोपरि जलाशय (वि0/यां0 कार्यों सहित) – 207 नग
4. राइजिंग मेन – 873.62 कि.मी. (D.I. K-7, D.I. K-9 & M.S. Pipe)
5. वितरण प्रणाली – 4512.03 कि.मी. ( HDPE- 63-200 MM dia )
6. पेयजल गृह संयोजन (FHTC) – 189798 नग
7. स्टाफ क्वार्टर, गार्ड रूम, क्लोरीनेशन बिल्डिंग एवं सब स्टेशन बिल्डिंग (वि0/यां0 कार्यों सहित)–270 नग (30+06+207+27)
8. 10 वर्ष का संचालन एवं रखरखाव कार्य

उक्त प्राक्कलन की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ द्वारा पत्र सं0– 211/डब्ल्यू.जी.–36/08 दिनांक 20.02.2024 के माध्यम से प्रदान की जा चुकी है।

उक्त के आलोक में प्राक्कलन को समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त संस्तुति सहित स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

➢ **<u>जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में क्रियान्वित कराये जाने वाले आई.ई.सी. गतिविधियों को आवंटित करने हेतु 04 फर्म मेसर्स जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट, लोहिया नगर, जनपद महाराजगंज, मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ, सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, 58, सृजन बिहार कालोनी, भागीदारी भवन के पीछे, गोमतीनगर, लखनऊ एवं मेसर्स अम्बर प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के प्राप्त प्रस्ताव पर निर्णय लिये जाने के सम्बन्ध में:–</u>** उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्र सं0– 3669/W-314/JJM/Agency Empanelment/ 2022-23 दिनांक 30.11.2023 के द्वारा जनपद उन्नाव में आवंटित/कियान्वित की जाने वाली आई.ई.सी. गतिविधियों यथा– Indoor Activities के अन्तर्गत कुल 12 गतिविधियां तथा Outdoor Activities के अन्तर्गत कुल 20 गतिविधियां के कियान्वयन हेतु जनपद स्तर से आवंटित किये जाने का अनुरोध किया गया है जिस हेतु प्रदेश में आई.ई.सी. गतिविधियों के कियान्वयन हेतु नामित कुल 13 एजेन्सियों के सापेक्ष 04 एजेन्सियों नामतः (1) मेसर्स जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजूकेशनल ट्रस्ट, लोहिया नगर, जनपद महाराजगंज, (2) मेसर्स अम्बर प्रेस प्रा0लि0 लखनऊ (3) मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ एवं (4) सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, 58, सृजन बिहार कालोनी, भागीदारी भवन के पीछे, गोमतीनगर, लखनऊ द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किया गया है तथा समीक्षा बैठक में (1) मेसर्स जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजूकेशनल ट्रस्ट, लोहिया नगर, जनपद महाराजगंज, (2) मेसर्स अम्बर प्रेस प्रा0लि0 लखनऊ (3) मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ एवं (4) सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, 58, सृजन बिहार कालोनी, भागीदारी भवन के पीछे, गोमतीनगर, लखनऊ द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतिभाग की गयी आई.ई.सी. संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर समीक्षा में पाया गया कि जनपद में संचालित आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से अधिकांशतः कार्य पूर्व में ही राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा नामित आई.ई.सी. संस्थाओं मेसर्स फेलकॉन, लखनऊ एवं मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 एवं मेसर्स एन.ए. मीडिया वेन्चर्स प्रा0लि0 (जे0वी0), साणद, अहमदाबाद तथा मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 द्वारा कुछ गतिविधियां पूर्ण कर ली गयी एवं शेष गतिविधियां पूर्ण कराये जाने का कार्य प्रगति पर हैं एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्र सं0– 3669/W-314/JJM/Agency Empanelment/ 2022-23 दिनांक 30.11.2023 द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जनपद में पूर्व से सम्पादित आई.ई.सी. गतिविधियों की दुरावृत्ति नहीं की जानी है अधिशासी अभियन्ता द्वारा उक्त के सम्बन्ध में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0 से हुयी वार्ता के कम में अवगत कराया गया कि उपरोक्त कार्यों हेतु जारी दिशा–निर्देशों तथा आई.ई.सी. गतिविधियों की दरों में स्पष्टता हेतु मिशन कार्यालय से आगामी कार्यदिवसों में पुनः संशोधित दिशा–निर्देशों को जारी किये जाने का आश्वासन दिया गया है। जिसके उपरान्त पत्रावली पुनः कार्य आवंटन हेतु तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिया गया।

➢ <u>जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यों पर प्रगति की समीक्षा:–</u> उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा क्लस्टर ए एवं बी में आवंटित कुल 1681 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है क्लस्टर–ए के अन्तर्गत



Scanned with OKEN Scanner

प्रस्तावित कार्यों में से 71 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 397.32 किमी. वितरण प्रणाली एवं 17233 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये है, शेष कार्य प्रगति पर है। क्लस्टर–बी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में से 107 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 572.90 किमी. वितरण प्रणाली एवं 25697 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये है, शेष कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार कुल 178 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये कुल 970.22 किमी. वितरण प्रणाली एवं 42930 नग पेयजल गृह संयोजन उपलब्ध कराये जा चुके हैं, शेष कार्य प्रगति पर है। शेष कार्य प्रगति पर है, वर्तमान मे जनपद की प्रगति 19.98 प्रतिशत है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| Sl. No. | Month | FHTC Connection (Nos.) Target | Achieved | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Oct-23 | 5000 | 2241 | 2759 |
| 2 | Nov-23 | 9000 | 4269 | 4731 |
| 3 | Dec-23 | 15000 | 11135 | 3865 |
| 4 | Jan-24 | 22500 | 12687 | 9813 |
| 5 | Feb-24 | 25000 | 12598 | 12402 |
| **Total FHTC Connection** | | **76500** | **42930** | **33570** |

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा Existing Tubewell based Water Supply Scheme में कियाशील नलकूपों के उपयोग के लिये फर्म द्वारा आवश्यक पम्पिंग प्लान्ट के आपूर्ति की प्रगति अत्यन्त धीमी है जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री एच.बी. सिंह को निर्देशित किया गया कि आवश्यक पम्पिंग प्लान्ट तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चत करें। माह फरवरी, 2024 तक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष एफ.एच.टी. सी. कार्यों की प्रगति 50.39 प्रतिशत से भी कम होने पर कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री एच.बी. सिंह को निर्देशित किया गया कि कार्यों को द्रुत गति से करवाते हुए FHTC को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 25.00 प्रतिशत को शीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

➢ <u>जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गुणता प्रभावित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना हेतु गंगा बैराज (लवकुश बैराज) परियोजना में बांये गाईड बन्ध के पास डब्ल्यू0टी0पी0 निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में समीक्षा:–</u> अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि क्लस्टर–ए के अन्तर्गत डब्ल्यू.टी.पी. निर्माण हेतु ग्राम पतारी के स्थान पर गंगा बैराज (लवकुश बैराज) परियोजना में बांये गाईड बन्ध से लगभग 200 मी0 की दूरी पर जनपद कानपुर नगर की तहसील कानपुर सदर के अन्तर्गत कटरी शंकरपुर सराय ग्राम स्थित भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदया, उन्नाव के पत्र सं0– 3928/डब्ल्यू.एस.–103/636 दिनांक 20.12.2023 तथा अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र सं0– 4176 दिनांक 30 दिसम्बर, 2023 एवं प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के अर्द्धशासकीय पत्र सं0– 20/76–1–2024 दिनांक 02.01.2024 के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर को पत्र लिखा गया, जिसके परिपेक्ष्य में कार्यदायी फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के अनुसार डब्ल्यू.टी.पी. (क्लस्टर–ए) निर्माण हेतु न्यूनतम भूमि 4.96 हे0 उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ द्वारा पत्र सं0– 87/डब्ल्यू.जी.–60/10 दिनांक 30.01.2024 के माध्यम से जिलाधिकारी, कानपुर को अग्रिम कार्यवाही पत्र प्रेषित किया गया। दिनांक 02.02.2024 को मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ, अधिशासी अभियन्ता एवं कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री एच.बी. सिंह, डिप्टी जनरल मैनेजर के साथ जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर से उनके कार्यालय में वार्ता हुई जिस पर उनके द्वारा प्रस्तावित स्थल तहसील कानपुर सदर के अन्तर्गत ग्राम कटरी शंकरपुर सराय में राजस्व विभाग के सदर तहसीलदार को निर्देश दिये गये कि मौके पर जाकर प्रस्तावित स्थल का चिन्हांकन कराये तथा क्लस्टर–ए के अन्तर्गत प्रस्तावित डब्ल्यू.टी.पी. के निर्माण कार्यों को प्रारम्भ कराने की मौखिक सहमति प्रदान की गयी, परन्तु उक्त भूमि को राजस्व अभिलेखों में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 के नाम आवंटन कराया जाना अपेक्षित है। जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी, सदर कानपुर नगर से दिनांक 13.02.2024 को वार्ता की गयी जिसके सम्बन्ध में उनके द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम कटरी शंकरपुर सरायं शासनादेश संख्या 933/एक–14–2023, राजस्व अनुभाग–14 उ0प्र0 शासन, दिनांक 31.10.2023 की अधिसूचना से सर्वे में निहित हो चुका है जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदया, उन्नाव द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र सं0– 669/डब्ल्यू.एस.–103/122 दिनांक 22.02.2024 के द्वारा प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को मार्गदर्शन हेतु पत्र प्रेषित किया गया। दिनांक 23.02.2024 को प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ की जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर के साथ उनके कार्यालय कक्ष में वार्ता की गयी जिसमे जिलाधिकारी महोदय कानपुर नगर द्वारा उक्त भूमि पर आख्या



Scanned with OKEN Scanner

तहसील सदर के माध्यम से प्राप्त कर प्रमुख सचिव महोदय को प्रशासनिक स्वीकृति हेतु पत्रावली तैयार करने के लिये अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), कानपुर नगर को निर्देश दिये गये हैं। जिसके कम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्यालय जिलाधिकारी कानपुर नगर से समन्वय स्थापित करते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

- <u>इनटेकवेल से डब्ल्यू.टी.पी. तक रॉ–वाटर राइजिंग मेन बिछाने हेतु सिंचाई विभाग, उन्नाव/कानपुर नगर एवं अन्य से NOC प्राप्त करने के सम्बन्ध में समीक्षाः–</u> उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्तावित जलापूर्ति पाइप लाइन को इनटेकवेल से बॉये एफलक्स बन्ध के कि0मी0 0.400 पर ट्रेन्चलेस विधि द्वारा क्लस्टर– 'ए' एवं 'बी' की पाइप लाइन को बॉये एफलेक्स बन्ध के एच0एफ0एल0 पर क्रास किया जायेगा तत्पश्चात पाईप लाइन को बॉये एफलक्स बन्ध के समानान्तर बैराज से उन्नाव की तरफ बॉये एफलेक्स बन्ध के कि0मी0 0.400 से कि0मी0 2.550 तक क्लस्टर– ए एव बी की पाइप लाइन बिछायी जायेगी तथा क्लस्टर–ए की पाइप लाइन 2.550 किमी0 से 4.00 किमी0 तक डामर रोड के सेन्टर से 55 मीटर दूरी पर दायीं तरफ सिंचाई विभाग की भूमि पर पाइप लाइन बिछाई जाएगी। प्रस्तावित जलापूर्ति पाइप लाइन क्लस्टर– 'बी' के अन्तर्गत पाइप लाइन को बॉये मार्जिनल बन्ध के चैनेज 0.043 किमी0 एवं 06.55 किमी0 पर ट्रेन्चलेस विधि से एच0एफ0एल0 पर क्रास किया जाए तथा मार्जिनल बन्धे के समानान्तर (0 से 10.0 किमी0 सरैंया रेलवे लाइन तक) डामर रोड के सेन्टर से 50 मी0 पर सिंचाई विभाग की भूमि पर बिछायी जाएगी। उक्त के सम्बन्ध में संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु **अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड–2, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, कानपुर नगर** से इस कार्यालय के पत्र सं0– 239/डब्ल्यू.एस.–103/66 दिनांक 16.01.2024 के माध्यम से अनुरोध किया गया, जिस पर **बैराज निर्माण खण्ड–2, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, कानपुर नगर के स्तर से कार्यवाही शेष है। कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव** से Clear Water Rising Main हेतु 18 स्थलों पर नहर कासिंग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना है जिसके सापेक्ष 18 स्थलों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। **कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव** से Raw Water Rising Main हेतु 02 स्थलों पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना है जिसके सापेक्ष दोनों स्थलों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है तथा Clear Water Rising Main हेतु 18 स्थलों पर नहर क्रासिंग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना है जिसके सापेक्ष 18 स्थलों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव एवं सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव को N.O.C. उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- <u>जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता एवं भूमि सीमांकन (Land Demarcation) की अद्यतन स्थितिः–</u> उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र सं0– 3958/डब्ल्यू–26/2023–24 दिनांक 15.12.2023 के माध्यम से जारी दिशा–निर्देशों के कम में उपलब्ध भूमि के सापेक्ष Hydraulic Design & Drawing, DPR विरचन की कार्यवाही प्रगति पर है तथा जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत शिरोपरि जलाशय एवं Clear Water Reservior निर्माण के लिए उपलब्ध भूमि पर शिरोपरि जलाशय एवं Clear Water Reservior निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी के पत्र सं0– 613/डब्ल्यू.एस.–103/151 दिनांक 16.02.2024 के माध्यम से सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये हैं जिसके कम में समस्त उपलब्ध भूमि का सीमांकन (Land Demarcation) राजस्व विभाग के साथ किया जाना है एवं वर्तमान तक 151 नग शिरोपरि जलाशयों एवं 03 नग Clear Water Reservior का सीमांकन किया जा चुका है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| | Cluster-A | Cluster-B | Total Required Land | Land Demarcation Done |
|---|---|---|---|---|
| OHT | 244 | 207 | 451 | 151 |
| CWR | 27 | 26 | 53 | 03 |

जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ के प्रतिनिधि डिप्टी जनरल मैनेजर श्री एच.बी. सिंह को निर्देशित किया गया कि उक्त उपलब्ध स्थलों पर भूमि सीमांकन (Land Demarcation) आगामी 15 दिवसों में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

- <u>जनपद में नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के कार्यों की समीक्षा तथा हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति,82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ एवं बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी–957, आ0वि0 कालोनी, उन्नाव द्वारा सम्पादित कार्यों का प्रस्तुतीकरणः–</u> उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता,



Scanned with OKEN Scanner

| क्रम सं0 | तहसील / विकास खण्ड/ ग्राम पंचायत स्तर पर | कुल वॉल राइटिंग | |
|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ति |
| 1 | तहसील स्तर पर | 60 वॉल राइटिंग (06 तहसील प्रति 10 वॉल राइटिंग) | 60 नग |
| 2 | विकास खण्ड स्तर पर | 160 वॉल राइटिंग (16 विकास खण्ड प्रति 10 वॉल राइटिंग) | 160 नग |
| 3 | ग्राम पंचायत स्तर पर | 10400 वॉल राइटिंग (1040 ग्राम पंचायत प्रति ग्राम ) | 14000 नग |

➢ <u>जनपद/ विकास खण्ड/तहसील/ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्राम स्तर पर एल.ई.डी./ होर्डिंग्स एवं अन्य आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जनमानस में जनजागरूकता कार्यक्रम / गतिविधियों को (Outdoor work) कराये की समीक्षा:-</u> जनपद में क्रियान्वित आई.ई.सी. गतिविधियों की समीक्षा की गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद/ विकास खण्ड/तहसील/ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्राम स्तर पर एल.ई.डी./ होर्डिंग्स एवं अन्य आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जनमानस में जनजागरूकता कार्यक्रम / गतिविधियों को (Outdoor work) कराये जाने हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0- 4123/W-314/ JJM/Outdoor Agency Empanelment/2022-23 दिनांक 27.12.2023 के माध्यम जनपद में कार्यदायी एजेन्सी के रूप में मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 एवं मेसर्स एन.ए. मीडिया वेन्चर्स प्रा0लि0 (जे0वी0) नामित किया गया है। कार्यदायी एजेन्सी द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां की जानी प्रस्तावित हैं जिसके सापेक्ष प्रगति नीचे तालिका में दर्शायी गयी है:-

| HOARDING | | | | | | | | LED VAN | | | LED VAN | | Fixed LED SCREEN | DIGITAL FLEXI BANNER | | PREPARED THEME SONGS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| District_50 | | Block_10 | | Tehsil_10 | | GP_01 | | Distict_01 | Block_01 | | Block_01 | | Per district_02-04 | RV_02 | | DISTRICT_10 |
| Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Target | Achieved | Yes/No | Target | Achieved | Target | Achieved | Yes/No (if yes then mention the no. of LED screen installed) | Target | Achieved | Yes/No |
| 50 | 50 | 160 | 160 | 60 | 60 | 1040 | 1028 | YES | 16 | 10 | 1682 | 1667 | Yes working | 3364 | 3210 | no |

मेसर्स M/s Wilson Green Industries Private Limited के उपस्थिति प्रतिनिधि को अवशेष निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

➢ <u>जनपद में F.T.K. किट वितरण की समीक्षा:-</u>
जनपद में F.T.K. किट वितरण की समीक्षा की गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 1682 राजस्व ग्रामों में प्रत्येक ग्राम हेतु 01 किट वितरण किया जाना प्रस्तावित जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 1229 राजस्व ग्रामों में F.T.K. किट का वितरण तथा F.T.K. Training का कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष कार्य प्रगति पर है, एफ.टी.के. वितरण की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है:-

| S No | District | Block | Total Gram Panchayat | Total Revanue Villages | Total Target for FTK Training (per block) | Trained Participants | Total WQMIS Status | Total FTK Kit Received | FTK Kit Distribution | Balance (9-10) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Unnao | Asoha | 67 | 119 | 595 | 610 | 610 | 119 | 106 | 13 |
| 2 | Unnao | Auraas | 62 | 91 | 455 | 450 | 450 | 91 | 25 | 66 |
| 3 | Unnao | Bangarmau | 55 | 77 | 385 | 385 | 385 | 77 | 77 | 0 |
| 4 | Unnao | Bichhiya | 57 | 81 | 405 | 405 | 405 | 81 | 79 | 2 |
| 5 | Unnao | Bighapur | 67 | 126 | 630 | 625 | 625 | 126 | 126 | 0 |
| 6 | Unnao | Fatehpur Chaurasi | 69 | 105 | 525 | 525 | 525 | 105 | 57 | 48 |
| 7 | Unnao | Ganj Moradabad | 60 | 84 | 420 | 425 | 425 | 84 | 84 | 0 |
| 8 | Unnao | Hasanganj | 81 | 140 | 700 | 700 | 700 | 140 | 56 | 84 |
| 9 | Unnao | Hilauli | 50 | 68 | 340 | 340 | 340 | 68 | 55 | 13 |
| 10 | Unnao | Miaganj | 73 | 135 | 675 | 700 | 700 | 135 | 76 | 59 |
| 11 | Unnao | Nawabganj | 75 | 119 | 595 | 595 | 595 | 119 | 79 | 40 |
| 12 | Unnao | Purwa | 56 | 102 | 510 | 495 | 495 | 102 | 62 | 40 |
| 13 | Unnao | Safipur | 72 | 109 | 545 | 545 | 545 | 109 | 40 | 69 |
| 14 | Unnao | Sikanderpur Karan | 66 | 105 | 525 | 520 | 520 | 105 | 105 | 0 |
| 15 | Unnao | Sikanderpur Sarosi | 55 | 83 | 415 | 425 | 425 | 83 | 83 | 0 |
| 16 | Unnao | Sumerpur | 75 | 137 | 685 | 685 | 685 | 137 | 119 | 18 |
| | | Total | 1040 | 1681 | 8405 | 8430 | 8430 | 1681 | 1229 | 452 |



Scanned with OKEN Scanner

उक्त सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि एफ.टी.के. वितरण शीघ्र पूर्ण कर लिये जायें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुयी।

अधिशासी अभियन्ता/ सदस्य सचिव
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
उन्नाव।

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी/ सदस्य
उन्नाव।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
सिंचाई एवं जल संसाधन,
उन्नाव।

प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला विकास अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला कृषि अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य विकास अधिकारी
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव

पत्रांकः– 991 / W-S-103 / 226 दिनांक : 15-03-2024

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), किसान बाजार,प्रथम तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगग (ग्रामीण), लखनऊ।
4. जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव।
5. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
7. अधिशासी अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
9. अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड–2, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, फूलबाग–उ0प्र0 कानपुर नगर।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
11. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
12. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
13. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।
14. जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

15. मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ।
16. मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा०लि० एवं मेसर्स एन.ए. मीडिया वेन्चर्स प्रा०लि० (जे०वी०), साणंद, अहमदाबाद।
17. मेसर्स जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजूकेशनल ट्रस्ट, लोहिया नगर, जनपद महाराजगंज।
18. सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, 58, सुजन बिहार कालोनी, भागीदारी भवन के पीछे, गोमतीनगर, लखनऊ।
19. मेसर्स अम्बर प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ, 226018।

मुख्य विकास अधिकारी
उन्नाव।

Scanned with OKEN Scanner